

सीएसके के लिए अभी 4-5 साल और खेलूंगाः सुरेश रैना

इस लेफ्टहैंडर से जब सीएसके से विवाद पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, कोई भी 12.5 करोड़ रुपये को यूं ही पीठ नहीं दिखा सकता। इसके पीछे एक ठोस कारण चाहिए। मैं भले ही इंटरनैशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुका हूं। लेकिन मैं अभी भी जवान हूं और मैं उनके लिए आने वाले 4–5 साल और खेलना चाहता हूं।

## रैना ने बताई आईपीएल छोड़कर भारत लौटने की असली वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नै सुपरकिंग्स के स्टार बल्लेबाज सुरेश रैना आईपीएल 2020 को निजी कारणों से छोड़कर भारत लौट आए हैं। रैना की लौटने की वजह साफ न होने से कई प्रकार के कयास लगाए गए। लेकिन अब इस स्टार खिलाड़ी ने अपने लौटने की असली वजह बता दी है। रैना के भारत लौटने के फैसले के बाद कुछ खबरें सामने आईं कि चेन्नै सुपरकिंग्स की टीम में जब कुछ खिलाड़ियों के कोरोना टेस्ट पॉजिटिव निकले तो रैना डर गए और उनका डर इतना हावी हो गया कि वह वहां रुकने को राजी ही नहीं हुए। उन्होंने कप्तान एमएस धोनी और कोच स्टीवन फ्लेमिंग से बार बार बात की, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से वापस भेजना ही सही समझा गया। इस बीच रैना के बुआ के परिवार पर पंजाब के पठानकोट में कुछ डकैतों ने हमला कर दिया था। इस हमले में रैना के फूफा की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि उनके दो कजन और बुआ की हालत गंभीर बनी हुई थी। सोमवार रात रैना की एक कजन ने भी दम तोड़ दिया और उनकी बुआ की हालत भी नाजुक बनी हुई है। रैना ने कहा कि टूर्नामेंट छोड़कर देश लौटने की यही असली वजह थी क्योंकि इस वक्त परिवार को मेरी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

# यूएई में गर्मी की मार, अधिक प्रैक्टिस के लिए किया आगाह

**क्रिकेट**

## दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पॉन्टिंग ने कहा, ज्यादा हो रही है प्रैक्टिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने से पहले उनकी टीम के अभ्यास सत्र बहुत अधिक हैं और संयुक्त अरब अमीरात की गर्मी को देखते प्रैक्टिस का वक्त प्रत्येक सेशन के बाद टीम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

**दिल्ली कैपिटल्स की प्रैक्टिसः** पॉन्टिंग ने दुबई पहुंचने पर छह दिन तक क्वॉरनटीन में पर रहने के बाद मंगलवार को पहली बार प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। यहां का मौसम सभी टीमों के लिए चुनौती हैं और पॉन्टिंग ने कहा कि वे अभ्यास सत्र को बेहतर रूप से व्यवस्थित करके इससे पार पा सकते हैं।

**मैच से पहले प्रैक्टिस अहमः** पॉन्टिंग ने टीम के बयान में कहा, 'हमारे पास बहुत अधिक खिलाड़ी नहीं हैं इसलिए हमें पिछले साल की तुलना में अपने अभ्यास सत्र को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करना होगा। मैंने खिलाड़ियों से साफ कर दिया है कि पहले तीन सप्ताह हम बहुत अधिक अभ्यास नहीं करेंगे। मेरा मानना है कि पहले मैच से पूर्व हमारा अभ्यास अधिक मायने रखेगा।'



**ज्यादा अभ्यास ठीक नहींः** उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि खिलाड़ी पहले मैच से पूर्व शारीरिक, तकनीकी और रणनीतिक तौर पर अपने चरम पर रहें।' पॉन्टिंग ने कहा, 'हमने अपने पहले मैच में पूर्व 20 अभ्यास सत्र का कार्यक्रम बनाया है जो मेरे विचार में बहुत अधिक हैं इसलिए हमें देखना होगा कि प्रत्येक सत्र के बाद खिलाड़ियों की स्थिति कैसी है और फिर उसी अनुसार फैसला करेंगे।'

**अश्विन और रहाणे का स्वागत**

उन्होंने टीम में रविचंद्रन अश्विन और अजिंक्य रहाणे का स्वागत किया और कहा कि इन दोनों के आने से टीम अधिक अनुभवी बन गई है। पॉन्टिंग ने कहा, 'ये दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं और लंबे समय से भारतीय टीम से जुड़े हैं।

**अय्यर के रूप में युवा कप्तान**

अश्विन आईपीएल इतिहास का सबसे सफल स्पिनर रहे हैं और रहाणे भी लंबे समय से राजस्थान रॉयल्स का बखूबी प्रतिनिधित्व कर रहे थे।'उन्होंने कहा, 'हमारे पास श्रेयस अय्यर के रूप में युवा कप्तान है लेकिन मैदान पर अन्य अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से हमें बहुत मदद मिलेगी।'

# भारतीय क्रिकेट टीम की किट स्पॉन्सरशिप के लिए नहीं लगाई किसी ने बोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के टीम किट स्पॉन्सर और ऑफिशल मर्चनडाइजिंग पार्टनर अधिकार के लिए अभी तक कोई बोली नहीं लगाई गई है। बोर्ड तकनीकी कारणों के चलते नई डेडलाइन तय करने वाला है। एक सूत्र ने बताया, कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियां जो अधिकार खरीदने की इच्छुक थीं, को शायद तय समय में हेडक्वॉर्टर से अनुमति नहीं मिल पाई होगी। तो बोर्ड डेडलाइन आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

एडिडास और प्यूमा ही दो अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स वियर कंपनियां थीं जिन्होंने अधिकार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। ड्रीम स्पोर्ट्स (ड्रीम11 और फैन कोड की पैरंट कंपनी), यूनिवर्सल स्पोर्ट्सबिज और वॉल्ट डिज्नी कंपनी ने भी टेंडर के डॉक्यूमेंट उठाए हैं।

### भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड तय करेगा नई डेडलाइन

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 3 अगस्त को बताया था कि नीलामी 1 सितंबर को सुबह 10 से 11 बजे के बीच होगी। इस बारे में बीसीसीआई के अंतरिम सीईओ हेमंग अमीन को ईमेल भेजा था जिस पर कोई जवाब नहीं आया। वहीं बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने ईटी के सवालों और मेसेज का जवाब नहीं दिया। नाईकी ने 14 साल बाद भारतीय टीम का साथ छोड़ा है और उसके बाद बोर्ड ने नई टेंडर प्रक्रिया शुरू की। ईटी ने 26 जून को ही खबर दी थी कि अनुबंध को रीन्यू करने को लेकर चल रही रस्साकशी में टीम इंडिया और नाईकी का साथ छूट सकता है। नाईकी ने इस बार टेंडर डॉक्यूमेंट नहीं लिए हैं। स्पोर्ट्सवियर बनाने वाली कंपनी का बीसीसीआई के साथ मौजूदा चार साल का करार सितंबर में समाप्त हो रहा है। इसके लिए उसने 370 करोड़ रुपये की डील की थी जिसमें मर्चनडाइजिंग राइट्स के लिए 30 करोड़ रुपये की रॉयल्टी फीस भी शामिल थी।

तीन साल के नए अनुबंध के लिए बीसीसीआई ने मर्चनडाइज पार्टनर के लिए 8 करोड़ रुपये बेस प्राइस तय किया है और किट स्पॉन्सरशिप के लिए हर मैच के लिए 65 लाख रुपये की रकम तय की गई है।

## केन विलियमसन ने कहा, थोड़ा आशंकित हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कोविड–19 महामारी के बीच 19 सितंबर से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के लिए संयुक्त अरब अमीरात रवाना होने से पहले कहा कि उनके मन में थोड़ी आशंका बनी हुई है। चेन्नै सुपरकिंग्स (सीएसके) के 13 सदस्य वायरस पॉजीटिव पाए गए थे जिनमें दो खिलाड़ी भी शामिल हैं। इससे सन राइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी विलियमसन चिंतित है। वह गुरुवार को यूएई के लिए रवाना होंगे। विलियमसन ने कहा, 'यही वजह है कि उन्हें प्रत्येक टीम को अलग अलग होटलों में ठहराया है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन निश्चित तौर पर यह बुरी खबर है। आप किसी भी उस व्यक्ति के करीब नहीं जाना चाहते जो कोविड से संक्रमित हो। मैंने सुना है कि उनमें बीमारी के लक्षण नहीं हैं और कुछ दिन तक अलग थलग रहने के बाद उम्मीद है कि वे ठीक होकर वापसी करेंगे।' विलियमसन न्यूजीलैंड के उन छह खिलाड़ियों में शामिल है जो इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट भारत के बजाय यूएई में आयोजित किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### सुरेश रैना सबसे अच्छे क्रिकेटरों में शामिलः डैरेन सैमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डैरेन सैमी ने इंडियन प्रीमियर लीग को टी20 क्रिकेट का मक्का कहा है। इसके साथ ही उन्होंने सुरेश रैना और महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की है। सैमी फिलहाल कैरेबियन प्रीमियर लीग में सेंट लूसिया जोउक्स के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। दो बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान सैमी ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले महेंद्र सिंह धोनी और सुरेश रैना को काफी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मैं जितने क्रिकेटरों से मिला हूं उनमें सुरेश रैना सबसे अच्छे क्रिकेटर हैं। वह सबसे अच्छे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जिनके पास ग्रेस है, एक नम्र इनसान और स्टाइलिश बल्लेबाज। सैमी ने रैना की फील्डिंग की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि जोंटी रोड्स ने रैना को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना था। जरूरी है कि हम रैना के योगदान को सराहें।

### हैदर अली ने डेब्यू मैच में लगाई हाफ सेंचुरी, बनाया रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। पाकिस्तान के उन्नीस साल के हैदर अली ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल में डेब्यू किया। और अपना नाम रेकॉर्ड बुक में दर्ज करवा लिया। मंगलवार को टी20 इंटरनैशनल सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में हैदर अली को मौका मिला। और इस युवा खिलाड़ी ने इस मौके को भरपूर तरीके से भुनाया भी। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अपने पहले ही टी20 इंटरनैशनल में हाफ सेंचुरी लगाने वाला पहला पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गया। पाकिस्तान ने मैच जीता और सीरीज 1–1 से बराबर रही। हैदर अली से पहले पाकिस्तान की ओर से टी20 इंटरनैशनल डेब्यू पर सर्वाधिक स्कोर का रेकॉर्ड उमर अमीन के नाम था जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 47 रन बनाए थे। अनुभवी बल्लेबाज मोहम्मद हफीज ने नाबाद 86 रन बनाए और अली ने 54 रन की पारी खेली।

### ट्रिबांगो नाइट राइडर्स ने दर्ज की लगातार 7वीं जीत, जमैका तलावास हारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** त्रिनिदाद। कायरन पोलार्ड की कप्तानी में खेल रही ट्रिबांगो नाइट राइडर्स का अजेय अभियान जारी है। मंगलवार को उसने जमैका तलावास को 19 रन से हराकर टूर्नामेंट में लगातार अपनी 7वीं जीत दर्ज की। पॉइंट्स टेबल में नाइट राइडर्स की टीम सबसे ऊपर है। तलावास के कप्तान रोवमैन पोवेल ने मजबूत बैटिंग क्रम वाली नाइट राइडर्स को पहले बैटिंग का मौका दिया, जिसने कॉलिन मनरो (65) और कप्तान कायरन पोलार्ड (33') के अलावा दोनों ओपनर्स लिंडन सिमंस (25) और सुनील नरेन (29) की तेज तर्रार पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 184 का विशाल स्कोर खड़ा किया। 185 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमैका तलावास की 20 ओवर में 165 रन ही बना पाई। उसकी ओर से ओपनर ग्लेन फिलिप्स (41) और आंद्रे रसेल (50') ही शानदार पारियां खेल सके। रसेल ने 23 बॉल की इस पारी में 5 चौके और 4 छक्के जमाए। लेकिन बाकी बल्लेबाजों से उन्हें ज्यादा साथ नहीं मिल पाया।

### मैं विराट कोहली और टीम इंडिया की तारीफ क्यों नहीं कर सकता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और वो अक्सर टीम इंडिया की तारीफ करते रहते हैं। यही नहीं वो विशेष रूप से टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली की बहुत ही सराहना करते हैं जिनकी पाकिस्तान के कई बल्लेबाजों के साथ पिछले कई साल से तुलना की जाती रही है। अब शोएब अख्तर की पाकिस्तान में इस बात को लेकर आलोचना की जा रही है कि वो क्यों भारतीय क्रिकेटर्स की तारीफ करते रहते हैं जो वर्ल्ड क्रिकेट में इन दिनों राज कर रहे हैं। शोएब अख्तर ने अपनी आलोचना के बारे में बात करते हुए पूछा कि उन्होंने भारतीय क्रिकेटर्स खास तौर पर विराट कोहली की बात नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं विराट कोहली या भारतीय खिलाड़ी की तारीफ क्यों नहीं कर सकता।